सार-समाचार

नशा मुक्ति आधारित नाटिका का मंचन

उदयपुर, (कासं)। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के नवआगंतुक विद्यार्थियों के इंडक्शन प्रोग्राम में व्यसन मुक्त भारत की जिला समिति के सदस्म जल मित्र डॉ.पी.सी.जैन द्वारा रचित नशा मुक्ति आधारित नाटिका का मंचन किया गया। आज की युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करती इस नाट्य प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया। नाटिका में दर्शाया गया कि किस तरह एक छात्र अपने मित्रों के आग्रह से शराब एवं ड्रग्स लेने लगा और धीरे-धीरे वह इसका आदी हो गया, रात रात भर घर से गायब रहना, दोस्तों के साथ पार्टिया करना, यह उसका दैनिक रूटिंग हो गया था। मां हृदय की रोगी बार-बार रात को उसके ना आने पर उसे फोन करती रहती और वह डालता रहता। एक रात मां उसे फोन करती है वह फोन का स्विच ऑफ कर देता तब मां पड़ोस की सहेली को बुला लेती है और उसके मित्रों को फोन करके उसके बारे में पता करो उसे लाने के लिए कहती है। पर तभी उसे हार्ट अटैक पड़ जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। घर में बूढ़े दादा और एक छोटी बहन होती है सभी इस अचानक लगे आघात से रोने लगते, दादा अपनी दूसरी पोती को बुलाते हैं, तब तक नशेड़ी बेटा भी आ जाता है और मां को मारा देखकर फूट-फूट कर रोता है और कहता है मां मुझे छोड़ कर मत जाओ मैं अब नशा छोड़ दूंगा ना करूंगा ना किसी को करने दूंगा। डॉ. जैन के इस संदेशपरक नाटक से सभी को प्रभावित किया। डॉ.जैन ने प्रेजेंटेशन में नशे व उनसे होने वाले नुकसान की जानकारी दी और अपने 7 डी फार्मूले से नशा छुड़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जल ही जीवन के बारे में भी पीपीटी के माध्यम से रोचक जानकारी दी और जल का महत्व बताया।

क्षतिग्रस्त सड़कों की सुधरेगी हालत

उदयपुर, (कासं)। राज्य में आवागमन सुविधाओं को सुचारू बनाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी तरह से गंभीर है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण और चौड़ाईकरण कार्य के लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत करने के साथ ही अब उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी की पहल पर बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की सेहत सुधारने के लिए भी 964 करोड़ रूपए की स्वीकृतियां जारी कर दी हैं। इससे प्रदेश भर में 2328 कार्य शामिल किए गए हैं। उदयपुर संभाग में भी बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई विभिन्न सड़कों के स्थायी मरम्मत के लिए 9404.62 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत उदयपुर जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त उदयपुर शहर एवं उदयपुर ग्रामीण अंतर्गत कुल 78 कार्यों के लिए कुल 3260.18 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। इसमें विधानसभा क्षेत्र खेरवाड़ा के लिए 1364 लाख, वल्लभनगर के लिए 660 लाख, उदयपुर ग्रामीण के लिए 576 लाख, गोगुन्दा के लिए 355.42 लाख तथा मावली के लिए 31.20 लाख स्वीकृत हुए हैं। इसी प्रकार संभाग के राजसमंद जिले में 182 कार्यों के लिए 1260 लाख, चित्तौड़गढ़ जिले में 24 कार्यों के लिए 1750.73 लाख, सलूम्बर जिले में 24 कार्यों के लिए 1102.71 लाख तथा भीलवाड़ा जिले में 19 कार्यों के लिए 2031 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

डॉ. सोनी ने संभाला कार्यभार

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय के निदेशक के रूप में डॉ. आर. एल. सोनी ने पदभार ग्रहण किया। डॉ. सोनी ने अपना पुरा सर्विस काल कृषि प्रसार क्षैत्र में रहते हुए कृषि एवं किसानों के उत्थान के लिए काम किया। आपके कुशल नेतृत्व के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र बांसवाड़ा को दो बार उत्कृष्ट केन्द्र का पुरूस्कार दिलाया। साथ ही नीति आयोग द्वारा बांसवाड़ा केन्द्र को अतुलनीय कार्यों के लिए 'ए' रेटींग दिया गया व नर्सरी को चार स्तर द्वारा एक्रीडेट किया गया। तद्उपरान्त आपने कृषि विज्ञान केन्द्र वल्लभनगर के प्रथम प्रभारी रहते हुए केन्द्र के भवन, किसान घर, प्रर्दशन इकाइ्यों की स्थापना की। आपने किसानों को सवीच्च मानते हुए उनकी खेती को विज्ञान एवं तकनीकी से जोड़कर अधिक उत्पादन, लाभकारी व टिकाऊ बनाने का दृड़॰ संकल्प लिया। किसान केन्द्रित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित तकनीकियों को हस्तांतरित किया। दक्षीणी राजस्थान के अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों की छोटी जोत हेतु सम्बन्धित कृषि प्रणाली के माध्यम से आय में बढ़ोत्तरी की। साथ ही आपने प्रसार शिक्षा निदेशालय के अतंर्गत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्रों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। आपने लघु व सीमांत कृषकों के लिए कम लागत की खेती जैसे जैविक खेती, प्रकृतिक खेती को ज्यादा बढ़ावा दिया। आपका कहना है कि अब कृषि विज्ञान केन्द्रों के मुख्यालय पर पदभार ग्रहण करने के उपरान्त सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों का एक साथ सर्वांगीण विकास करने के लिए करबद्ध है।

नौ दिवसीय शाश्वती ओली प्रारंभ

डूंगरपुर, (निसं)। जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में नौ दिवसीय शाश्वती ओली बुधवार से मुनि रत्नसागर व मुनि पवित्र सागर जी के सानिध्य में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर तथा जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ जिनालय में साध्वी दक्ष यशाश्रीजी सानिध्य में विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुई। जिसके तहत ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों आयोजन हुआ। जिसके तहत तहत सुबह व शाम प्रतिदिन प्रतिक्रमण तथा दिन में देववंदन की क्रिया सम्पादित होती है। ओली के तहत आहार के रूप में पूर्णतया स्वादहिन भोजन ग्रहण किया जाता है।

'पशुपालकों को घर बैठे मिलेगी पशुओं के उपचार की सुविधा'

उदयपुर, (कासं)। पशुधन राजस्थान की सबसे बड़ी संपदा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालकों को राहत देने के लिए कटिबद्ध है। पशुओं को बीमारी के समय त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार और राज्य सरकार के साझे में शुरू की गई मोबाइल वेटरनरी यूनिट के तहत अब एक और सौगात जोड़ दी गई है। इसके तहत प्रदेश में 108 की तर्ज पर पशु चिकित्सा के लिए 1962 कॉल सेंटर सेवा प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत पशु पालक 1962 पर फोन कर बीमार पशु की सूचना दे सकते हैं। संबंधित क्षेत्र की मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुपालक

■ **108 की तर्ज पर पशु चिकित्सा के लिए 1962 कॉल सेंटर सेवा प्रारंभ**

के घर पहुंच कर बीमार पशु का उपचार करेगी।

प्रदेश स्तर पर बुधवार को कॉल सेंटर का शुभारंभ जयपुर स्थित राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान परिसर में किया गया। वहीं उदयपुर जिले में चेटक सर्कल स्थित बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय परिसर में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल और जिला प्रमुख ममता कुंवर के आतिथ्य में मोबाइल वेटरनरी यूनिट कॉल सेंटर का लोकार्पण हुआ। योजना के तहत जयपुर स्थित राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। पशुपालकों को अपने पशु के बीमार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल कर पशुपालक का नाम, ग्राम, पशु एवं रोग के लक्षण आदि की जानकारी देनी होगी। कॉल सेंटर पर नियुक्त कार्मिक उक्त जानकारी को सिस्टम में दर्ज कर पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार टिकट जनरेट करेगा।

इसकी सूचना पशुपालक तथा संबंधित क्षेत्र की मोबाइल वेटरनरी यूनिट के चिकित्सक के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। साथ ही चिकित्सक के मोबाइल एप्पीकेशन पर भी प्रदर्शित होगी। पशु चिकित्सक, पैरा वेट (पशु कम्पाउंडर) तथा चालक कम हेल्पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट वाहन के साथ पशु चिकित्सक के घर पहुंच कर बीमार पशु का उपचार करेंगे।

कॉल सेंटर के शुभारंभ अवसर पर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने पशुपालकों का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार ने पशुपालकों की सुविधा के लिए बहुत अच्छी पहल की है। उन्होंने कहा कि एक पशु पालक के लिए उसका पशु परिवार के सदस्य के समान होता है। पशु के बीमार होने पर उसकी आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है। कॉल सेंटर सुविधा से पशुपालकों को घर बैठे बीमार पशुओं के उपचार की सुविधा मुहैया होगी। जिला प्रमुख ममता कुंवर ने भी सरकार की इस पहल को स्वागत योग्य बताते हुए पशुपालकों को इससे लाभान्वित होने का आह्वान किया। प्रारंभ में संयुक्त निदेशक पशु पालन डॉ शरद अरोड़ा ने जिला कलक्टर व जिला प्रमुख का पगडी पहनाकर स्वागत किया। जिला कलक्टर व जिला प्रमुख ने परिसर में पौधरोपण भी किया। उपनिदेशक डॉ सुरेंद्र छंगाणी ने सहित विभागीय अधिकारी, चिकित्सक, पशुपालक तथा प्रशिक्षु विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पशुपालन विभाग परिसर में मोबाइल वेटरनरी यूनिट कॉल सेंटर शुभारंभ पर उपस्थित जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, जिला प्रमुख ममता कुंवर सहित आदि मौजूद रहे।

पिता-पुत्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

डूंगरपुर, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के पाल मांडव डूंगरा फला गांव में एक पिता ने अपने 3 साल के बेटे के साथ घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोवडा थाने के एएसआई सुशील दशोरा ने बताया कि थावरा परमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा जयंतीलाल और 3 साल का पोता दीपक मंगलवार रात को घर में खाना खाकर सोए थे। सुबह 10 बजे तक वो नहीं उठे तो दूसरा बेटा कमलेश उन्हें चाय देने गया।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ./90क/24/11722 **लोक-सूचना** दिनांक : 07/10/2024

श्री भंवरलाल जैन पिता श्री सोहन लाल जैन निवासी शिशोदकला तहसील नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	नाथद्वारा	4372/3778	रकबा 0.0187 हैक्टर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07/10/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ./90क/24/11725 **लोक-सूचना** दिनांक : 07/10/2024

श्री अर्जुन लाल जैन पिता श्री सोहन लाल जैन निवासी शिशोदाकला तहसील नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर -कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नाथद्वारा जिला-राजसमन्द	नाथद्वारा	4371/3778	रकबा 0.0142 हैक्टर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 07/10/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका, नाथद्वारा

दातापति हनुमान मंदिर में हो रहे धार्मिक अनुष्ठान

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी सेक्टर4स्थित दातापति हनुमान मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे है।

इस अवसर पर हनुमान मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि अश्विन मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा गुरूवार को शुभ मुर्हूत में घट स्थापना कर, गणेशजी भगवान, राम दरबार, वैष्णों देवी, सर्वेश्वर महादेव, दातापति हनुमान एवं राड़ा जी महाराज के विभिन्न धार्मिक पाठ पूजा प्रारंभ हुई। इस नवरात्रि के दौरान मंदिर में रोज सर्वदेव पूजा गृह शांति, सुन्दरकांड पाठ, महिलाओं द्वारा भजन किर्तन संपन्न हो रहे है। घट स्थापना के साथ राम पंचायत, दातापति हनुमान मंदिर, वैष्णो देवी एवं राड़ा जी के नौ दिवसीय अखंड दीपक लगाया तथा मंदिर में रंग रोगन कर विद्युत सजावट की गई।

11 अक्टूबर को रामनवमी के उत्सव होंगे एवं 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन सवेरे आठ बजे से हवन प्रारंभ होंगे एवं बारह बजे महाआरती होगी। उसके पश्चात एक बजे से मंदिर में आने वाले भक्तों को प्रसादी वितरण की जावेगी। इस नवरात्रि के अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग रोगन कर विद्युत साज सज्जा से सुसज्जित कर किया गया है।

महंत ने बताया कि नवरात्रि स्थापना से ही नियमित भक्तों द्वारा हनुमान चालिसा, सुन्दरकांड, दुर्गा चालिसा पाठ किए जा रहे है तथा आरती के समय सवोत्तम काम्प्लेक्स, कृष्णांगन आदर्श नगर, सहित अन्य क्षैत्रों से दूर दूर आने वाले भक्त भगवान की पूजा अर्चना कर पुण्यार्थ लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता में उदयपुर ने जीता कांस्य पदक

उदयपुर,। बांसवाड़ा में आयोजित हो रही 68 वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी 19 वर्षीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में उदयपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार उदयपुर ने प्रथम चरण में अजमेर, प्री क्वार्टर फाइनल में चित्तौड़गढ़, क्वार्टर फाइनल में बीकानेर को पराजित का सेमीफाइनल में स्थान बनाया जहां उसे सीकर से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में उदयपुर ने जयपुर के खिलाफ पहले खेलते हुए।

visit us: www.mpuat.ac.in Mail ID:zdr_arsb@yahoo.com मोबाईल नं. 8112207969, 9414389929

कृषि अनुसंधान केन्द्र

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय)

दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा (राज.) 327001

क्रमांक:एफ( )/कृअके/स्टोर/2024/3039-41 दिनांक:09/10/2024

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर सोयाबीन लगभग 42 क्वि.की नीलामी हेतु दरे बंद लिफाफे में दिनांक 19/10/2024 को प्रात: 10.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, तत्पश्चात उसी दिन कमेटी के समक्ष सुबह 11.00 बजे लिफाफे खोले जाएगें। अत इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार धरोहर राशि रू. 3500/-नगद के साथ बंद लिफाफे में दरे भरकर निश्चित तिथि, समय एवं स्थान पर नीलामी में उपस्थित होवें।

नियम व शर्ते:-

1. धरोहर राशि रू. 3500/-(रू.तीन हजार पांच सौ रूपये मात्र) नगद जमा करवाने केबाद ही निविदा स्वीकार की जायेगी।
2. उच्चतम दर जिस क्रेता की होगी उसकी धरोहर राशि कार्यालय में जमा रहेगी अन्य सभी को धरोहर राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लौटा दी जायेगी।
3. सोयाबीन को भरना, खाली करना तथा परिवहन आदि का खर्चा क्रेता को वहन करना होगा।
4. उच्चतम दर जिस क्रेता की होगी उसे कुल राशि का 50 प्रतिशत उसी समय नगद जमा करवानी होगी एवं शेष 50 प्रतिशत राशि माल उठाने से पूर्व या 5 दिन में (जो भी दिन कम हो) जमा करवानी होगी।
5. नीलामी के पश्चात किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की जिम्मेदारी स्वयं क्रेता की होगी।
6. नीलामी स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षर के अधीन रहेगा।

संभागीय निदेशक अनुसंधान

सांवलिया सेठ के किए दर्शन

मंडफिया, (निसं)। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बुधवार दोपहर को सांवलिया सेठ मंदिर मंडफिया पहुंचे एवं भगवान सांवलिया सेठ के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी शर्मा ने बताया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का मंदिर कार्यालय में मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

राजसमंद, ०(निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा जिले में स्वच्छता को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। वे निरंतर मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सफई व्यवस्था ढीली न पडे। बुधवार को वे अलसुबह ही राजसमंद नगर की गलियों में निकल पडे और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों और आम लोगों से भी बात की। आमजन से कलक्टर का आभार जताते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था काफी बेहतर हो गई है। इधर सफाई कर्मियों ने भी कलक्टर से सफाई से जुडे विविध पहलुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलक्टर सौ फीट रोड, महावीर नगर, बस स्टैंड, चौपाटी सहित कई इलाकों में पहुंचे। यहां उन्होंने देखा कि सफाईकर्मी कर्मठता से सफाई कार्य कर रहे हैं। कलक्टर असावा ने मौके पर मौजूद नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका मण्डल, बड़ीसादड़ी जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.ब./भू.रू./2024/1396 दिनांक :01/10/2024

-: लोक सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन से उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात:

क्र. सं.	नाम आवेदन खातेदार	जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्र
1.	श्री मुकेश कुमार मारू पिता श्री मोतीलाल मारू निवासी बडीसादड़ी	तहसील बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़	बड़ीसादड़ी	3173/2231	116 वर्गमीटर (आवासीय प्रयोजनार्थ)
2.	श्री मनोहर लाल पिता श्री जगदीश चन्द्र जरवार श्रीमती भारती देवी पत्नी श्री मनोहर लाल जरवार निवासी बडीसादड़ी	तहसील बड़ीसादड़ी जिला चित्तौड़गढ़	बड़ीसादड़ी	3172/2231	116 वर्गमीटर (आवासीय प्रयोजनार्थ)

इसके लिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनार्थ के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

(प्राधिकृत अधिकारी)

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, बड़ीसादड़ी

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत, उदयपुर
(RHB Office Building चारस दिशा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

पत्रक्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2024-25/668
दिनांक:-30.9.2024

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री) :-

आवास संख्या 3-च-7 आय वर्ग EWS माप 44.43 वर्ग मीटर योजना हिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री सुंदर लाल को आवंटन पत्रांक 18471 दिनांक 13.01.1983 को आवास का आवंटन कर दिनांक 09.05.1983 भौतिक कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 51 दिनांक 05.04.1991 द्वारा श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री सुंदर लाल को जारी किया गया। श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री सुंदर लाल ने उक्त आवास वसीयत नामा (अंतिम इच्छा पत्र) (पंजीकृत) दिनांक 10.04.2017 द्वारा श्री महेश कालरा, श्री दिलीप कालरा, श्री राजेश कालरा एवं श्री जितेन्द्र कालरा पुत्र स्व.श्री करमचन्द कालरा के पक्ष में किया गया।श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री सुंदर लाल की मृत्यु दिनांक 19.10.2019 को हो जाने के पश्चात वसीयत नामा(अंतिम इच्छा पत्र) (पंजीकृत) के आधार पर श्री महेश कालरा, श्री दिलीप कालरा, श्री राजेश कालरा एवं श्री जितेन्द्र कालरा पुत्र स्व.श्री करमचन्द कालरा ने उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। कार्यालय के पत्र क्रमांक 87 दिनांक 04.06.2020 द्वारा श्री महेश कालरा, श्री दिलीप कालरा, श्री राजेश कालरा एवं श्री जितेन्द्र कालरा पुत्र स्व.श्री करमचन्द कालरा को कार्यालय आदेश जारी किया गया। आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 27.08.2020 को श्री महेश कालरा, श्री दिलीप कालरा, श्री राजेश कालरा एवं श्री जितेन्द्र कालरा पुत्र स्व.श्री करमचन्द कालरा द्वारा अपने पक्ष में करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्री महेश कालरा, श्री दिलीप कालरा, श्री राजेश कालरा एवं श्री जितेन्द्र कालरा पुत्र स्व.श्री करमन्द कालरा ने उक्त आवास का मुख्यारनामा (पंजीकृत) दिनांक 22.09.2020 को आलेखित कर श्रीमती दीपिका लोढा पत्नी श्री पंकज लोढ़ा को नियुक्त किया गया। श्रीमती दीपिका लोढा पत्नी श्री पंकज लोढ़ा ने मुख्तियारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 01.01.2021 को श्री अजित जैन पुत्र श्री पुरनमल जैन एवं श्री ऋषभ कुमार जैन पुत्र श्री पुरन मल जैन के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 143 दिनांक 16.06.2021 द्वारा श्री अजित जैन पुत्र श्री पुरनमल जैन एवं श्री ऋषभ कुमार जैन पुत्र श्री पुरन मल जैन के नाम कार्यालय आदेश जारी किया गया। श्री अजित जैन पुत्र श्री पुरनमल जैन एवं श्री ऋषभ कुमार जैन पुत्र श्री पुरन मल जैन ने उक्त आवास का मुख्तियारनामा (पंजीकृत) दिनांक 10.11.2023 को आलेखित कर श्री जितेन्द्र लोढा पुत्र श्री सम्पतलाल लोढ़ा को नियुक्त किया गया। श्री जितेन्द्र लोढा पुत्र श्री सम्पतलाल लोढ़ा ने मुख्यारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 12.07.2024 को श्री शैलेष कुमार जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन के पक्ष में किया गया। श्री शैलेष कुमार जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र(पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल में अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया।

श्री शैलेष कुमार जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावे।

अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 3-च-7, हिरणमगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री शैलेष कुमार जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से की वार्ता

राजसमंद, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के बैनर तले कंप्यूटर अनुदेशकों के 5 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मुलाकात व वार्ता की। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया की प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। गौरतलब है कि 15 सितंबर को आयोजित कंप्यूटर अनुदेशको के प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन में शिक्षा मंत्री किसी आवश्यक कार्य से उपस्थित नही हो पाए। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल ने अनुदेशको की विभिन्न मांगो से अवगत कराया। जिसमे कंप्यूटर अनुदेशकों को सामान्य शिक्षक की भांति, पदनाम, पदोन्नति, स्टाफिग पैटर्न, कैडर रिव्यू एवं कैडर विस्तार करके वेतन विसंगति दूर करवाने जैसी विभिन्न मांगे रखी। शिक्षा मंत्री ने सभी मांगों को सुना एवं जल्दी ही उन मांगों पर विचार करके सकारात्मक फैसला लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के राज्य स्तरीय कंप्यूटर शिक्षक प्रतिनिधि कैलाश सैनी, कम्प्यूटर अनुदेशक विकास पाराशर, अवधेश शर्मा, विरेन्द्र चौधरी, देवेंद्र निर्वाण एवं कर्मवीरसिंह मौजूद थे। कंप्यूटर अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने बताया की सभी कंप्यूटर अनुदेशक अपने - अपने विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढावा देने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। कक्षा 1 से 8वीं में कंप्यूटर की पुस्तकें भी आना स्टार्ट हो गई हैं। सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षकों की सहायता से सरकार का डिजिटल साक्षरता का सपना पूरा होगा और हर एक विद्यार्थी को कंप्यूटर शिक्षा का लाभ मिलेगा जिससे वह अपने जीवन में नए आयाम प्राप्त कर सकेगा।

अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की बैठक सम्पन्न

उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित हुई।

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक गार्डन रोड स्थित होटल मुकुंद विला के सभागार में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता के मुख्य सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल वीणा अग्रवाल समाज के वरिष्ठ एवं जिला सम्मेलन के संरक्षक सुरेश मित्तल उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि अब समय आ ग